तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026

11 जिले के नौनिहालों का भविष्य दांव पर, आंगनबाड़ी...

12 करोड़ों का बजट, बदहाल गौठान, रसेला में शोपीस...




**आवश्यकता है**
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा
**काका होजियरी**
मेन रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

## खबर संक्षेप

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल का एयरपोर्ट में स्वागत

**अभनपुर।** बजट सत्र से भाग लेकर लौटे रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का रायपुर एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया गया। सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मानिकचौरी की सरपंच श्रीमती हेमलता साहू, भाजपा मंडल नवापारा के महामंत्री चेतन साहू, द्विज साहू, रोहित साहू तथा नरेन्द्र बर्मन ने सांसद से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय स्तर पर अधोसंरचना, मूलभूत सुविधाओं और जनहित से संबंधित मुद्दों को सांसद के समक्ष रखा। सांसद श्री अग्रवाल ने सभी विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। मुलाकात के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास में निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई।

### कन्नौजे सेन समाज की वार्षिक बैठक आज

**कोमाखान।** कन्नौजे सेन समाज की रात्रिकालीन वार्षिक बैठक आज सोमवार को ग्राम बोडरीदादर स्थित चंडी मंदिर परिसर में रखी गई है। समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीचंद सेन, सचिव डेमन सेन ने बताया कि बैठक रात आठ बजे प्रारंभ होगी। बैठक में वार्षिक व्यय की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। तदुपरांत समाज उत्थान के लिए विभिन्न विषयों चर्चा कर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के दौरान सभी आवेदन (प्रकरण) पर मंथन कर उचित निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

### वृद्धों को लॉयंस क्लब ने कराया भोजन

**महासमुंद।** मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर लायंस क्लब महासमुंद के सदस्यों ने आशियाना वृद्धाश्रम के लोगों को भोजन कराया। आश्रम के 25 बुजुर्गों के अलावा घरौंदा विकलांग सदन के 25 विकलांग और दोनों संस्थाओं के 15 स्टाफ सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही लॉयंस द्वारा वृद्धाश्रम की अन्य जरूरतों के संबंध में भी जानकारी ली गई। तत्पश्चात लायन प्रकाश साकरकर ने एक मिक्सी और चार स्टील बाल्टी तथा लायन मूलचंद लड्ढा ने एक वजन मापी मशीन देने की घोषणा की।

# महाशिवरात्रि पर नागा साधुओं सहित साधु- संतों ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

**पर्व स्नान करने उमड़ी नागा साधु-संतों की भीड़**




राजिम कुंभ कल्प मेला के अंतिम दिवस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नागा बाबाओं, साधु-संतों, विभिन्न अखाड़ों ने शाही स्नान के लिए ऐतिहासिक शोभायात्रा संत समागम स्थल परिसर से सुबह 7 बजे निकाली। इस शोभा यात्रा में समस्त नागा, साधु-संतों के साथ मंत्री राजेश अग्रवाल, राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। शोभायात्रा में सुसज्जित पालकियों शाही बग्गी, घोड़ों में विभिन्न साधु-संत सवार थे। शोभायात्रा संत समागम स्थल से शुभारंभ होकर श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पीछे मार्ग से नेहरू बाल उद्यान होते हुए, इंदिरा मार्केट, राजिम पुल, पं. सुंदरलाल शर्मा चौक, गौरवपथ राजिम, वीआईपी मार्ग होते हुए मेला परिसर में बने शाही कुंड में पहुंचे। शोभायात्रा का स्वागत दोनों शहर नवापारा और राजिम में विभिन्न चौक चौराहों में फूल बरसा कर किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न चौक में अनेकों अस्त्र-शस्त्रों से लैस नागा बाबाओं, साधु-संतों ने शौर्य प्रदर्शन करते हुए अखाडा चलाते रहे। नागा साधुओं के तलवार और फरसा भांजते खुशी से नाचते देखकर मेले में ⏭ शेष पेज 10 पर

**पर्व : भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की**

# भूतेश्वरनाथ धाम में आस्था का सैलाब महाशिवरात्रि पर उमड़े हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गरियाबंद से तीन किलोमीटर दूर स्थित विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ धाम में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भूतेश्वर महादेव के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। सुबह से देर शाम तक मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। महाशिवरात्रि के दिन विशाल प्राकृतिक शिवलिंग की भव्यता देखते ही बन रही थी। मान्यता है कि विश्व प्रसिद्ध यह शिवलिंग प्रतिवर्ष स्वाभाविक रूप से आकार में वृद्धि करता है, जिसके कारण इसकी ख्याति देशभर में फैली हुई है। इसे अर्द्धनारीश्वर स्वरूप का शिवलिंग भी कहा जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से की गई पूजा से भगवान भोलेनाथ मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विधायक जनक ध्रुव सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया।



### जाम की स्थिति, प्रशासन सतर्क

गरियाबंद गौरव पथ मार्ग से लेकर मंदिर स्थल तक श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि प्रशासन और पुलिस बल द्वारा भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, पेयजल और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, फिर भी आस्था के आगे व्यवस्थाएं छोटी पड़ती नजर आईं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।



### प्रदेशभर से पहुंचे श्रद्धालु

गरियाबंद, छुरा, मैनपुर, देवभोग, फिंगेश्वर, राजिम सहित महासमुंद, धमतरी, रायपुर, दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव से बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। नगर के दुर्गा मंदिर, गांधी मैदान, शारदा चौक और तहसील कार्यालय मार्ग से होते हुए भूतेश्वरधाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थानीय वाहन संचालकों द्वारा निःशुल्क वाहन सेवा उपलब्ध कराई गई। जगह-जगह शिवभक्तों ने ठंडा पानी और शरबत वितरण की व्यवस्था की। महाशिवरात्रि को लेकर सप्ताहभर पहले ही भूतेश्वरनाथ समिति एवं ग्रामीणों ने बैठक कर भंडारे, पार्किंग, छोटे व्यवसायियों के लिए स्थान आवंटन एवं अन्य व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की थी। मंदिर प्रांगण में रामायण पाठ और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर भूतेश्वरनाथ धाम में उमड़ा जनसैलाब एक बार फिर यह दर्शाता है कि जब श्रद्धा सच्ची हो, तो दूरियां मायने नहीं रखतीं। भक्ति और विश्वास का यह अद्भुत संगम क्षेत्र की धार्मिक आस्था का जीवंत प्रमाण है।



# लाखों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

धार्मिक नगरी राजिम में आयोजित कुंभ कल्प के दौरान महाशिवरात्रि पर आस्था का अदभुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। ब्रह्म मुहूर्त की प्रतीक्षा किए बिना श्रद्धालु आधी रात से ही संगम तट पर पहुंचने लगे। संगम घाट, स्वर्ण तीर्थ घाट, नेहरू घाट और स्नान कुंड में तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। स्नान उपरांत श्रद्धालुओं ने दीपदान किया और सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने संगम की रेत से शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से जलाभिषेक किया। कई श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर




पूजा-अर्चना की। नदी की धारा में तैरते दीपों की जगमगाहट ने वातावरण को आध्यात्मिक आभा से भर दिया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं की लंबी कतार त्रिवेणी संगम के मध्य स्थित श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर, श्री राजीव लोचन मंदिर और बाबा गरीब नाथ मंदिर मामा-भांचा मंदिर और अन्य मंदिरों की ओर बढ़ती दिखाई दी। कुलेश्वर नाथ महादेव के दर्शन के लिए मंदिर परिसर से लगभग करीब एक किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की लाइन लगी ⏭ शेष पेज 10 पर

# रसेला में दिन-रात जल रही हैं स्ट्रीट लाइटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

एक ओर जहां बिजली बचाने के लिए सरकार की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में ग्राम पंचायत रसेला में जगह जगह स्ट्रीट लाइटें दिन रात जल रही है, लेकिन विधुत विभाग इसके प्रति बेपरवाह बना हुआ है। मालूम हो कि दो माह पहले ठेकेदार द्वारा ग्राम रसेला में हर गली-मोहल्ले में केबल वायर लगाया गया, तब से दिन रात स्ट्रीट लाइट जल रही है। ज्ञात हो कि इसी जानकारी छुरा विधुत विभाग के कनिष्ठ अभियंता उम्मेदसिंह दीवान को दिया गया, साथ ही रसेला के सब डिवीजन के प्रभारी चंचल नायक को भी दिया गया। मगर अभी तक इसके बारे में कोई पहल नहीं हुई। मालूम हो कि रजत जयंती महोत्सव विधुत विभाग द्वारा रसेला



में मनाया गया, उसी दिन केबल वायर लगाने के लिए ठेकेदार द्वारा बिना पंचायत के अनुमति बैगर जहां पायें वहां बिजली खंभे खड़ा कर दिया गया है। प्राथमिक शाला के मेन गेट के पास खंभे खड़ा कर दिया है, जो आने वाले समय में कभी भी चार पहिया वाहनों का अंदर जाना मुश्किल हो जाएगा। गौरतलब है कि शासन प्रशासन स्तर पर हर दिन बिजली बचाने को लेकर निर्देश जारी किए जाते हैं। कार्यालयों में दिन के समय लाइटें न जलाने व अनुपयोगी विधुत सामनों को बंद रखने के लिए कहा जाता है। लेकिन विधुत विभाग में ऊर्जा संरक्षण के अभियान को पलीता लग रहा है। लापरवाही का आलम यह है कि गांव में प्रकाश के लिए लगाई स्ट्रीट लाइटें दिन रात जल रही स्ट्रीट लाइट को देखने व बनाने का समय विधुत विभाग अधिकारियों व कर्मियों के पास समय नहीं है। उपसरपंच परमेश्वर यादव, पंच कंसराम ठाकुर, साधना जयसवाल, पीला बाई ठाकुर, रजनी बाई यादव, कृष्णा यादव, दमयंती नागेश,डोमेश चौहान आदि का कहना है कि विधुत विभाग की लापरवाही के चलते स्ट्रीट लाइटों के दिन रात जलने से उनमें अक्सर खराबी आ जाती है। जिससे गली मोहल्लों में रात के समय अंधकार पसर जाता है। पंचायत की ओर से अधिकारियों को इसके बारे में सूचित किया गया है।

# महाशिवरात्रि पर भूतेश्वर महादेव में विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के रोहरा परिवार द्वारा भूतेश्वरनाथ मंदिर परिसर में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ एसडीएम हितेश्वरी बागे तथा कैट अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने किया। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ भंडारा शाम 7 बजे तक लगातार चलता रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि रोहरा परिवार पिछले कई वर्षों से ग्रामीणों के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रसाद वितरण एवं सेवा कार्य में तहसीलदार रमेश मेहता, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, व्यापारी और समाजसेवी लोगों ने सहभागिता



निभाई। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहयोग कर आयोजन को सफल बनाया। मालूम हो कि हर वर्ष यहां हजारों श्रद्धालु निःशुल्क भंडारा प्रसाद का लाभ उठाते हैं। इस आयोजन में रोहरा परिवार के साथ गरियाबंद और रायपुर के कई व्यापारी भी सहयोग के लिए पहुंचते हैं। समिति सदस्य प्रकाश चंद रोहरा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से वर्षों से दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करने का सौभाग्य मिल रहा है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से यह आयोजन हर वर्ष और अधिक भव्य होता जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को प्रसाद और सुविधा मिल सके। भंडारे को सफल बनाने में वीरभान दास रोहरा, प्रकाश रोहरा, जमियत रोहरा, अजय रोहरा, पम्मन रोहरा, अर्जुन रोहरा, आशीष रोहरा, तरुण रोहरा, नवीन नीलानी सहित अनेक सदस्य सक्रिय रहे। इसके अलावा रायपुर सन एंड सन के शर्मा, देवेन्द्र अग्रवाल, राजेश गोविंद दानी, राजेश अडवानी तथा महासमुंद से सुनील राजपाल, अनिल राजपाल सहित कई व्यापारियों ने भी सहयोग प्रदान किया।




# फणीकेश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर फणिकेश्वर नाथ में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। मंदिर परिसर में श्रद्धालु हाथ में श्रीफल, बेलपत्र, धूप दीप के साथ भगवान का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन करते रहे। इस अवसर पर मंदिर में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामूराम साहू भी सपरिवार फणिकेश्वर नाथ महादेव का जलाभिशेक कर पूजन अर्चन कर मन्नतें मांगी। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर के सभी शिवालयों मे नगर के नागरिकों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर मन्नते मांगी। इसी क्रम मे प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर फणीकेश्वनाथ को समिति के द्वारा फूलो से सजावट कर वातावरण को भक्तिमय बनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर मे आना प्रारंभ हुआ और एक के बाद एक सभी श्रद्धालुओं ने जलाभिशेक कर पूजा अर्चना करते रहे। ज्ञात हो कि यह प्राचीन मंदिर पंचकोशिय धाम मे शामिल है।इसे किसने बनाया कोई नहीं जानता है। पुरात्व विभाग की ओर से इसे बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण परिवर्तित काल मे हुआ है।इस मंदिर मे खजुराहो के मंदिर के समान कलाकृति है। देवानंद महाराज ने बताया कि इस मंदिर मे भगवान फणीकेश्वनाथ के दर्शन करने अंचल सहित दूर दूर से श्रद्धालु आते है और उनकी मन्नते पूरी भी होती है। पर्व को बाबा फणीकेश्वरनाथ ⏭ शेष पेज 10 पर

**महाआरती की दिव्य आभा से आलोकित हुआ संगम**

# मुख्यमंत्री साय ने किया महादेव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

धर्म नगरी राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प 2026 के भव्य समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आयाम प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने त्रिवेणी संगम के मध्य स्थित भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और प्रदेश की निरंतर प्रगति, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिर दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री महानदी तट पर आयोजित भव्य महाआरती में शामिल हुए। साध्वी प्रज्ञा भारती के सानिध्य में



वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच मुख्यमंत्री ने श्रद्धापूर्वक महानदी मैया की आरती उतारी। दीपों की ज्योति, गूंजते मंत्र और भक्तिमय वातावरण ने पूरे संगम क्षेत्र को दिव्य आभा से आलोकित कर दिया। आरती पश्चात परिक्रमा कर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की उन्नति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साधु-संत और श्रद्धालु उपस्थित रहे। राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप

### विष्णुदेव सरकार का किसानों को बड़ी सौगात : परदेसी राम

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के किसानो ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समग्र विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा श्री साहू ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले प्रदेश के 25.24 लाख से अधिक किसानों को 3100 रुपए प्रति



किवंटल की दर से अंत की राशि का एक मुफ्त भुगतान होली से पूर्व उनके बैंक खातों में किया जाएगा। लगभग 10000 करोड़ की है राशि सीधे किसानों तक पहुंचेगी जिससे गांव में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और बाजारों में रौनक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि खरीब वर्ष 2025 26 में रिकॉर्ड141.04 लाख मैट्रिक तन धान खरीद कर छत्तीसगढ़ देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है पिछले दो वर्षों में किसानों को लगभग 25000 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है और आगामी भुगतान के बाद यहां आंकड़ा बढ़कर 35000 करोड़ हो जाएगा यह भाजपा सरकार की किसान समर्पित सोच का प्रमाण है कैबिनेट में आगामी विधानसभा सत्र में बजट की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिए गए जिससे विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी आगे कहा कि सरकार स्पष्ट लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना किसानों की आय में वृद्धि करना और अनुशासन के साथ प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है भाजपा सरकार केवल घोषणा नहीं बल्कि क्रियान्वयन में विश्वास रखती है होली के पावन अवसर पर किसानों को यह बड़ी सौगात प्रदेश के अन्नदाताओं के सम्मान का प्रतीक है भाजपा किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण इस ऐतिहासिक निर्णय का मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं एवं उनके मंत्रिमंडल का आभार व्यक्त किया।

### हुल्लड़बाजी, गाली-गलौज छह आरोपी भेजे गए जेल

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर उन्हें जेल दाखिल किया है। पुलिस ने रूपेश दिवाकर, भूपेंद्र कुमार चंद्राकर, दिगंबर पटेल उर्फ दिउ, दिलीप साहू, नवल कुमार सिंह, संतोष साहू के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनके द्वारा खमताराई के अलग-अलग क्षेत्रों में हुड़दंग तथा गाली-गलौज की जा रही थी।

### एम्स में नौकरी का झांसा रेप-ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने एम्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवती से रेप तथा छह लाख रुपए ठगी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। 25 वर्षीय युवती की शिकायत पर पुलिस ने कवर्धा, पांडातराई निवासी रितेश चंद्राकर (26) को गिरफ्तार किया है। युवती ने आरोप लगाया है कि रितेश ने दो वर्ष पूर्व उसे एम्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर छह लाख रुपए ठगी करने के साथ ही उसका रेप किया और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया।

## राजिम कुंभ में मेगा स्टार अनुराग की धूम...





**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच पर शनिवार की रात मेगा स्टार गायक अनुराग शर्मा के कार्यक्रम को देखने भारी भीड़ रही। एक तरह से जनसैलाब उमड़ा हुआ था। कार्यक्रम की शुरूआत श्री शर्मा ने देवा श्री गणेशा से की, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद कोरी-कोरी नारियल चढ़ाव दाई तोला वो और तोर मंदिर म दाई चुनरी चढ़ाव जैसे छत्तीसगढ़ी गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। छुनुर-छुनुर पैरी बाजे जैसे गीतों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और मोबाइल फ्लैश की रोशनी से माहौल जगमगा उठा। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरणदेव सिंह एवं मंत्री टंकराम वर्मा , राजिम विधायक रोहित साहू पहुंचे। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा ने महानदी के पानी हव, छत्तीसगढ़ के माटी हव गीत गाकर सुर से सुर मिलाए। मंत्री की प्रस्तुति पर दर्शकदीर्घा तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन का सफल संचालन निरंजन साहू, पतंजल मिश्रा और दुर्गेश तिवारी ने किया।


### समापन : भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर सीएम विष्णु देव साय ने पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया

# राजिम कुंभ मेला-स्थल को भव्य बनाएंगे : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के त्रिवेणी संगम तट स्थित नवीन मेला मैदान, राजिम-चौबेबांधा में आयोजित राजिम कुंभ कल्प 2026 का भव्य समापन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मुख्य मंच पर भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अपने उद्बोधन की शुरुआत उन्होंने भगवान श्री राजीव लोचन, कुलेश्वर महादेव, राजिम दाई, छत्तीसगढ़ महतारी और भारत माता के जयघोष के साथ की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजिम की पावन भूमि, जहां महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों का दिव्य संगम होता है, सदियों से तप, त्याग और आध्यात्मिक चेतना की साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाना इसकी आध्यात्मिक गरिमा को दर्शाता है।उन्होंने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शिव त्याग, साधना और सेवा के प्रतीक हैं और उनका संदेश आज के समय में संतुलन, संयम और समर्पण का मार्ग दिखाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवागमन, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले वर्षों में राजिम कुंभ मेला-स्थल को और अधिक सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाया जाएगा तथा इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक आयोजन के रूप में स्थापित किया जाएगा।





### कुंभ कल्प सामाजिक समरसता का उत्सव है

उन्होंने प्रदेशवासियों से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और युवा पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का आह्वान किया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का विराट उत्सव है। इस वर्ष पंचकोसी धाम और द्वादश ज्योतिर्लिंग की थीम ने आयोजन को विशेष स्वरूप दिया। उन्होंने कहा कि संतों के आशीर्वाद को समाज के नैतिक मार्गदर्शन का आधार कहा तथा किसानों की समृद्धि के लिए भगवान राजीव लोचन और कुलेश्वर नाथ से प्रार्थना की। आयोजन से जुड़े प्रशासन, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत उत्सव है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। राजिम को राष्ट्रीय पटल पर प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि इससे स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, धर्मस्व विभाग के सचिव रोहित यादव, रायपुर आयुक्त महादेव कावरे, गरियाबंद कलेक्टर बीएस उईके, एसपी वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरी महाराज, राजेश्री महंत राम सुंदरदास महाराज, स्वामी राजीव लोचनदास महाराज, महंत नरेंद्र दास महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती, स्वामी गंगादास उदासीन महाराज, स्वामी ज्ञानस्वरूपानंद अक्रिय जी महाराज, संत विचार साहेब महाराज, महंत रविकर साहेब, नारायण भाई प्रजापिता ब्रह्मकुमार, पुष्पा बहन प्रजापिता ब्रह्मकुमारी, हेमा बहन ब्रह्मकुमारी सहित बड़ी संख्या में आचार्य महंत, साधु-संतों की गरिमामय उपस्थिति रही।

### सनातन संस्कृति को जगाने का काम किया

राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम मेला की यह प्राचीन परंपरा रही है। राजिम कुंभ कल्प को नवीन मेला मैदान में प्रारंभ करने का पूरा श्रेय मुख्यमंत्री को है। उन्होंने कहा कि आज लोगों में राजिम कुंभ के प्रति उत्साह जागृत हुई है। राजिम कुंभ में सनातन संस्कृति को जगाने का काम किया है। अपने धर्म के प्रति श्रद्धा के भाव बढ़े हैं। संत समागम के दौरान संतों का आशीर्वाद लोगों को मिला है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राजिम कुंभ कल्प का आयोजन बहुत ही दिव्यता एवं भव्यता के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम को अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने भी संबोधित किया।

## कसेकेरा में श्रीराम चरित मानस महायज्ञ शिव विवाह की कथा पर झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम कसेकेरा में श्रीराम चरित मानस महा यज्ञ के दूसरा दिन ब्रह्म लीन संत श्री श्री 108 संत सिया भुनेश्वरी शरण ब्यास महाराज के सुक्ष्म सानिध्य में कृपा प्राप्त संत गोवर्धन शरण ब्यास महाराज के आशीर्वाद से प्रतिदिन की तरह सुबह पूजा हवन के साथ यज्ञ की शुरूवात हुवा। उसके पश्चात अतिथि द्रोप्ति मानस परिवार अछोला महासमुंद द्वारा भगवान शंकर की विवाह पर बहुत ही सुंदर व मार्मिक राम कथा का वाचन किया गया जिस पर समस्त श्रोता गण बहुत सुंदर नित्य करते दिखाई दिए एवम संध्या के समय जय दुर्गा मानस मंडली कसेकेरा द्वारा भगवान गणेश जन्म पर कथा सुनाया गया जिसे सभी ग्रामवासियों द्वारा सराहना किया गया और रात्रि कालीन आदर्श श्री बाल कृष्ण लीला मंडली खदोड़ा बोडला कबीर धाम की लीला दिखाया गया रविवार होने कारण इस दिन सद्भावना कर्मचारी ग्रुप कसेकेरा के लगभग सभी कर्मचारी बंधु एवं समस्त ग्रामवासी सहित आसपास के श्रद्धालु भक्त जन उपस्थित रहे।

## भक्तिन माता समिति के भंडारे में उमड़ी भीड़, अमितेश शुक्ल ने परोसा सलगबरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा आयोजित भोग भंडारे का 14वां दिवस अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मध्य प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे महान राजनीतिज्ञ पंडित श्यामाचरण शुक्ल की पुण्य स्मृति पर उनके सुपुत्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। भोग भंडारे में अनेक विशिष्ट अतिथियों का गरिमामयी आगमन हुआ, राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, एम्स की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा साहू, अत्री महाराज, फौजी भाई शंभू साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे। इसके अतिरिक्त, इटली से आए विदेशी अतिथि तथा बजरंग




बली की वेशभूषा में पहुंचे श्रद्धालु विशेष आकर्षण का केंद्र बने। भंडारा प्रारंभ होने से पूर्व अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। भोग भंडारे में अतिथियों ने स्वयं सेवा कर हजारों श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया तथा सभी ने एक साथ बैठकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यंजन सलगबरा, दाल-चावल, सब्जी एवं अचार परोसे गए। भोजन प्रसाद ग्रहण करते हुए पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला ने बताया कि सलगबरा छत्तीसगढ़ का पारंपरिक एवं प्रिय व्यंजन है, जिसे स्वर्गीय श्यामा भैया विशेष रूप से पसंद करते थे। कार्यक्रम में समिति द्वारा डॉ. आकांक्षा साहू, डॉ. यशस्वी साहू एवं सेवानिवृत्त फौजी शशंभू साहू का विशेष सम्मान किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष लाला साहू, महामंत्री रामकुमार साहू सहित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आत्मीयता से किया। समिति ने भोग भंडारे में पधारे समस्त अतिथियों एवं हजारों श्रद्धालु भक्तों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग और स्नेह के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### धामनतोरी में तीन दिवसीय भव्य रामायण महोत्सव, ग्रामीणों को पानी टैंकर समर्पित

**बागबाहरा।** जिले के बागबाहरा जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धामनतोरी में तीन दिवसीय भव्य रामायण महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। धार्मिक वातावरण से सराबोर इस आयोजन ने पूरे गांव को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए पानी टैंकर भी समर्पित किया गया, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। महोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक कलश यात्रा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। प्रथम दिवस रामचरितमानस के बालकांड का सस्वर पाठ और व्याख्यान हुआ, जिसमें भगवान श्रीराम के अवतार, उनके बाल स्वरूप और आदर्श संस्कारों पर प्रकाश डाला गया। द्वितीय दिवस अयोध्याकांड और अरण्यकांड के प्रसंगों के माध्यम से त्याग, मर्यादा और कर्तव्य पालन का संदेश दिया गया।

पेज 9 के शेष...

### महाशिवरात्रि पर नागा..

आए अंचलवासी भी रोमांचित हो उठे। धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए शोभायात्रा शाही कुंड के पास पहुंची। यहां नागा साधुओं ने विधि विधान के साथ शस्त्र पूजन पश्चात कुंड में छलांग लगाई। नागा बाबाओं के साथ मंत्री राजेश अग्रवाल और विधायक रोहित साहू, इंद्र कुमार साहू भी कुंड में डुबकी लगाने के लिए उतर गए। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने भगवान दत्तात्रेय की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। **सुरक्षा के लिए रही पुलिस की चाकचौबंध व्यवस्था-** शाही स्नान करने विभिन्न अखाड़ों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस विहंगम दृष्य को देखने मेला क्षेत्र के अलावा कुंड के पास बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी हुई थी। शाही यात्रा की भव्यता का आनंद लेने विदेशी पर्यटक भी शामिल हुए। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की चाकचौबंध व्यवस्था थी। इस शाही यात्रा में श्री पंच दशनामी सन्याशी अखाड़ा के नागा साधु के अलावा विभिन्न अखाड़ों के साधु संत, भैरवी शक्ति, करीब पंथ, सतनाम पंथ के संतों एवं उनके अनुयायी भी शामिल रहे। इस अवसर पर मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि महाशिवरात्रि पर नागा साधुओं की शाही शोभायात्रा और शाही स्नान ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया है। शाही स्नान के लिए प्रदेश सहित देश के कोने-कोने से साधु-संत पहुंचे हुए हैं। राज्य सरकार राजिम को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां की आस्था, संस्कृति और व्यवस्था देखकर हर कोई अभिभूत है।

### लाखों श्रद्धालुओं ने...

रही। हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूँजता रहा। महाशिवरात्रि पर नदी में स्नान का विशेष महत्व होता है वहीं जब वह त्रिवेणी संगम हो स्नान का पुण्य लाभ का महत्व और बढ़ जाता है। मान्यता है कि महानदी, सोंढूर और पैरी नदियों के संगम में स्नान करने से तन-मन पवित्र होता है और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पर्व के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### फणीकेश्वनाथ मंदिर में...

समिति की ओर से खीर पुड़ी का प्रसाद बनाया गया था जिसको मंदिर परिसर मे पधारने वाले श्रद्धालुओ को परोसा जा रहा था वही पर मंदिर परिसर को फूलो के हार से भी सजावट का कार्य भी समिति के सदस्यो के द्वारा किया गया है जिसमे समिति के हिमांशु सोनी, अनीता सोनी, योगिता निषाद, पारूल यदु, छोटी शर्मा, खेलु ध्रुव आदि शामिल है।

## जुपिटर पब्लिक स्कूल फिंगेश्वर में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जुपिटर पब्लिक स्कूल फिंगेश्वर में 14 फरवरी को पेरेंट्स डे मातृ पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता हरिओम संस्था से प्रफुल्ल भाई रहे। तमेश्वसर साहू एवं मनीषा ठाकुर ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।विद्यार्थियों ने वैदिक विधि–विधान एवं मंत्रेच्चार के साथ अपने माता–पिता का पूजन किये।मुख्य वक्ता प्रफुल्ल जी ने अपने संबोधन में कहा कि



वर्तमान में पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर युवा पीढ़ी 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे के रूप में आकर्षित हो रहे हैं जबकि भारतीय संस्कृति में माता पिता और गुरु का स्थान सर्वोपरि है। भगवान स्वयं आकर हमको दर्शन नहीं दे सकते इसलिए माता पिता बनाकर हमको प्राप्त हुए है।माता पिता और गुरु इस दुनिया में साक्षात भगवान है। अतः हमें अपने आने वाले भविष्य रूपी नन्हे बच्चों को मातृ पितृ पूजन की नैतिक संस्कृति से अवगत कराने के लिए प्रतिवर्ष 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रमुख जितेंद्र साहू के मार्गदर्शन से सम्पन्न हुआ जिसमें अभिभावकों की उपस्थिति गौरवमयी रहा और समस्त टीचर्स, स्टाफ का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### राजीव लोचन मंदिर में भोग भंडारा

**राजिम।** छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम में स्थित भगवान श्री राजीवलोचन मंदिर ट्रस्ट द्वारा तीन दिवसीय भोजन भंडारा का आयोजन श्रद्धालु भक्तों के लिए 13 से 15 फरवरी तक किया गया। जिसमें दो दिवसीय भंडारा श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित हुई। और तृतीय दिवस नदी में राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा संचालित भोजन भंडारे में महाशिवरात्रि के दिन श्री राजीवलोचन मंदिर ट्रस्ट के सौजन्य से संपन्न हुआ। 15 दिवसीय कल्प कुंभ राजिम में महाशिवरात्रि को श्रद्धालु भक्तों की संख्या बहुत अधिक होती है इसको ध्यान में रखते हुए उक्त भंडारे को नदी स्थित भोग भंडारा स्थल में किया जा रहा है पिछले कुछ वर्षों से राजिम माता भोग भंडारे में प्रति वर्ष शिवरात्रि पर्व में भोग भंडारे का आयोजन होता है। आगंतुक श्रद्धालुओं द्वारा इसे सराहनीय पहल बताया जा रहा है । आयोजन के प्रथम दिवस शुक्रवार को लगभग 2500 लोगों ने भोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के सफल संचालन के लिए मंदिर के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, वरिष्ठ ट्रस्टी श्रवण सिंह ठाकुर, राजेंद्र मनु, पुजारी समिति अध्यक्ष रामकुमार सिंह ठाकुर, बैकुंठ सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम मिश्रा, लाला ठाकुर, जागेश्वर शर्मा, चंदन यादव, कृपाराम आदि लगे हुए हैं।

### अरंड जंगल में दिखे तेंदूए

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड के जंगल कक्ष क्रमांक 223 में तेंदुआ देखने को मिला है। रास्ता क्रॉस कर कक्ष क्रमांक 222 में तेंदुआ पहुंचा। पहाड़ी पर ठाकुरदिया मार्ग से बुंदेली मार्ग है। जिसमें तीन तेंदुओं को इस रास्ते से गुजर रहे विमल दास मानिकपुरी और पूनम मानिकपुरी ने देखा। ये तेंदूए कक्ष क्रमांक 222 में चंदवा डोंगरी पहाड़ी के नीचे थे। सूचना पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर छविराम साहू तत्काल वहां पहुंचे। वहीं राकेश ध्रुव बीट गार्ड, अमृतलाल बीट गार्ड ने गांवों में मुनादी करा दी है। चौकीदार सुभाष, राजकुमार, शोभाराम ध्रुव आदि विभागीय कर्मचारियों द्वारा गश्त किया जा रहा है।

## निधन

### राजदुलारी शाह

**छुरा।** पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह की धर्मपत्नी राजदुलारी शाह का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 16 फरवरी को किया जाएगा। वे जनपद अध्यक्ष एवं महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रहीं हैं।



**विडंबना :** मैनपुर-धवलपुर के आंगनबाड़ी केंद्र बदहाल, मॉनिटरिंग नहीं कर रहे जिम्मेदार

# जिले के नौनिहालों का भविष्य दांव पर, आंगनबाड़ी केंद्र बदहाल, मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रे में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केन्द्रो में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण समस्याओ का समाधान नहीं हो रहा है और नौनिहाल बदहाल आंगनबाड़ी केन्द्रों में अपना भविष्य गढ़ने मजबुर हो रहे है। अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है जिसके कारण सरकार के तमाम तरह के दावे की पोल खुलकर रह गई है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 09 किमी दूर ग्राम तुपेंगा जो गरियाबंद ब्लॉक के अंतिम ग्राम है इस ग्राम में लाखों रूपए की लागत से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया गया है और 5-6 वर्ष पहले यहां बच्चो की कमी के चलते आंगनबाड़ी को शुक्लाभाठा के एक सामुदायिक भवन में संचालित किया जा रहा है जबकि शुक्लाभाठा में पूर्व से एक आंगनबाड़ी संचालित हो रहा है और अब तुपेंगा के आंगनबाड़ी को शुक्लाभाठा में संचालित करने से इसका लाभ तुपेंगा के बच्चों को नहीं मिल पा रहा है यहां से 04 किमी दूर बच्चे शुक्लाभाठा पढ़ाई करने कैसे जायेंगे यह विचारणीय प्रश्न है लेकिन इस ओर संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। तुपेंगा ग्राम के ग्रामीणों ने इस मामले से पिछले दिनों जनसमस्या निवारण शिविर में गरियाबंद कलेक्टर को आवेदन देकर समस्या से अवगत करा चुके है लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।





### धवलपुर के केन्द्र क्रमांक 4 के आंबा जर्जर मकान में संचालित

ग्राम धवलपुर में चार आंगनबाड़ी केन्द्र है जिसमें से सबसे पुराना आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 का भवन बेहद जर्जर होने के कारण इसे सामुदायिक भवन में संचालित किया जा रहा है जहां सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है। यहां केन्द्र क्रमांक 2 और 3 में भवन की सुविधा है लेकिन केन्द्र क्रमांक 4 नयापारा में आंगनबाड़ी भवन नहीं होने के कारण एक ग्रामीण के जर्जर मकान में संचालित किया जा रहा है और एक तरफ उनका मकान को तोड़कर नया निर्माण किया जा रहा है जहां छोटे छोटे बच्चे खेलकूद करते रहते है और हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है। यहां शौचालय और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओ का अभाव बना हुआ है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा अनेक प्रयास महिला एवं बाल विकास द्वारा बच्चों के कुपोषण मुक्त के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है इन दिनों पोषण आहार त्योहार मनाया जा रहा है लेकिन धवलपुर व आसपास के आंगनबाड़ी केन्द्रो में मूलभूत बुनियादी सुविधाओ का अभाव बना हुआ है कही शौचालय नही कही पेयजल की कमी है तो कही भवन नही है जिसका खामियाजा छोटे छोटे नौनिहालो को भुगतना पड़ रहा है कही विद्युत व्यवस्था नही तो कही कुछ और समस्या बनी हुई है।

### दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ने बताया की आंगनबाड़ी केन्द्रों में जो मूलभूत सुविधाएं होना चाहिए नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण देश के भावी भविष्य के सामने अनेक परेशानी आ रही है। समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल किए जाने की जरूरत है और इस ओर जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके से ग्रामीणों ने मांग किया है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की जॉच कराई जाए और संबंधित दोषी अधिकारियों के ऊपर कार्यवाही किया जाये।

### जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग नहीं

गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रो में मूलभूत बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है। जहां शौचालय, पेयजल, विद्युत, खेल मैदान सहित अन्य सुविधा व्यवस्थित रूप से नहीं मिल पा रहा है जबकि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो में सुविधा उपलब्ध कराने लाखों रूपये की राशि आबंटन किया जा रहा है कई आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल के लिए सेन्टेक्स टंकी लगाया गया है लेकिन उसमें पानी नहीं निकल रहा है। पंखा व अन्य सुविधा गायब है जिसके पीछे मुख्य कारण संबंधित विभाग के अफसरों के द्वारा नियमित रूप से मॉनिटरिंग नहीं किया जाना बताया जा रहा है यदि जमीनी स्तर पर विभाग के अधिकारी लगातार निरीक्षण करते तो आज आंगनबाड़ी केन्द्रो में मूलभूत सुविधाओं के लिए नहीं जुझना पड़ता कल का भविष्य अभावों के बीच पल रहा है।

# शिवालयों में गूंजा हर हर महादेव जगह -जगह प्रसाद वितरण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर रविवार को क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़ सहित क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में भक्तो की अपार भीड़ देखी गई। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालु जयकारे लगाते भक्ति भावना से ओत प्रोत नजर आ रहे थे जगह - जगह भंडारा व प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। तो वहीं रामायण पाठ का भी आयोजन किया जा रहा है। आज अर्धरात्रि 3 बजे से गुलाबी ठंड के बीच हजारो श्रद्धालु पैरी नदी मे पुण्य स्नान डुबकी लगाये और भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर अपने आप को धन्य किया, प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम स्थित प्राचीन शिव मंदिर मे आज अल सुबह लोग पहुचकर ब्रम्ह मुहुर्त मे शिव को जलाभिशेक किये और मंदिर मे अपार भीड़ के चलते श्रध्दालु कतार बद्ध होकर देर रात तक भगवान शिव को जलाभिषेक, दुग्धाभिशेक करते रहे। मंदिर प्रागंण मे रामायण पाठ का आयोजन क्षेत्र के प्रसिद्ध रामायण मंडलीयों द्वारा किया जा रहा है तो वहीं भक्तों व श्रद्धालुओं की भीड़ पैरी उद्गम स्थल पहाड़ी मंदिर तक लगी रही बड़ी संख्या में लोग पैरी मंदिर में पहुंच पहाड़ी के ऊपर पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख- शांति और समृद्धि की कामना किया। पैरी उद्गम स्थित प्राचीन शिवमंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे पंडित योगेश शर्मा, नंदकिशोर पटेल, डोमेश पटेल, रामदास वैष्णव, माखन दास वैष्णव अनेक श्रद्धालुओं ने बताया की यहां पूजा करने वालों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है इसलिए पूरे प्रदेश से यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु 12 माह पहुंचते है।

**पैरी उद्गम की पहाड़ी धार्मिक मान्यताओं के चलते श्रद्धा का केन्द्र-** पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ चारो तरफ से पहाड़ी व घने जंगलो से घिरा हुआ क्षेत्र है पहाड़ी के ऊपर लगभग 800 फीट उंचाई में पैरी उद्गम स्थल है जहां मंदिर का निर्माण किया गया है, पैरी का उद्गम बड़े पत्थर के चट्टान के बीच से हुआ है जहां एक कुंड से लगातार पानी की धार निकल रही है। जहां बारहो माह पानी भरा रहता है यह पानी की धार पहाड़ी के नीचे कुछ दूरी पर खेत मे नजर आता है और आगे चलकर ये त्रिवेणी संगम राजिम में मिलता है। पैरी उद्गम स्थल तक पहुंचने के लिए अब सीढ़ीयों का निर्माण भी किया जा चुका है जहां श्रद्धालुओ की अपार भीड़ हमेशा देखने को मिलती है।

### जिड़ार शिवमंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन



मैनपुर से 05 किमी दूर ग्राम जिड़ार स्थित हर-हर हरेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 7 बजे विशेष पूजा अर्चना के पश्चात ध्वजारोहण किया गया 11 बजे से महारूद्राभिषेक हवन महाआरती, भंडारा के साथ शाम से मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव भी मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना किये और क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। इस मौके पर टिकम सिंह कपिल, सुंदर कपिल, महेन्द्र मरकाम, रामकृष्ण ध्रुरव, गेंदु यादव व क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।शिव मंदिर पैरी उदगम भाठीगढ से निकली भव्य झांकी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिर भाठीगढ से भव्य झांकी निकाली गई आकर्षक बिजली विद्युत लाईट के साथ गाजे बाजे के साथ झांकी को देखने भारी भीड़ लगी रही।

# काण्डेकेला में श्रीरामचरितमानस गान की धूम, भक्ति और संगीत के संगम में डूबा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



विकास खण्ड के ग्राम काण्डेकेला (अमलीपदर) में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शुक्रवार से चार दिवसीय संगीतमय भव्य श्रीराम चरित्र मानस गान समस्त ग्रामवासियों के द्वारा कलश यात्र के साथ वैदिक मंत्रेच्चार और भक्ति भाव के बीच आयोजित कार्यक्रम में श्री रामचरित मानस गान का भव्य शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर प्रभु श्रीराम के तैल चित्र के समक्ष पूजा–अर्चना कर क्षेत्र में सुख,शांति और समृद्धि की कामना की गई।इस अवसर पर जय महाकाल मानस परिवार काण्डेकेला की प्रस्तुति हुआ।यह आयोजन स्थानीय संस—ति को बढ़ावा देने और धार्मिक एकता का प्रतीक है।क्षेत्र में शांति और समृद्धि की कामना की द्वितीय दिवस शनिवार को युवा मित्र सुरमयी मानस मडण्ली धौराकोट (देवभोग) साधना सरगम महिला मानस परिवार मंडली बहेराबुडा (गरियाबंद) पावन गंगा महिला मानस परिवार मठपुरैना (रायपुर) प्रज्ञा मानस परिवार सोरिदखुद (गरियाबंद) का भक्तिमय राम कथा प्रस्तुति रहा। तृतीय दिवस पर राधा कृष्ण मानस मण्डली काण्डेकेला ज्ञान ज्योति मानस परिवार नाहनबिरी (गरियाबंद) सृष्टि बालिका मानस परिवार सिंगदेही भखारा (धमतरी) श्रद्धा सुमन मानस परिवार सांकरा धमतरी का प्रस्तुति देंगे। यहीं चार दिन तक राम भक्ति रस में डूबे हुए है।और सोमवार को पूर्णहूति के समापन होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष तुपेश्वर मांझी, उपाध्यक्ष टी आर प्रधान, सचिव खिलावन साहू, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार ठाकुर, संरक्षक डिलन्द्री मांझी, संचालक यमराज हंसराज, संचालक मण्डल सुफेद राम साहू, जुगेश्वर यादव, पवन कोमर्रा, मशी प्रकाश साहू, लक्ष्मी लाल, राजकुमार मांझी, प्रहलाद नेगी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन भारी जनसंख्या में उपस्थित थे।

# तारकेश्वर महादेव की पूजा के बाद वितरण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के कई चौक-चौराहो में शिव भक्तो एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारा एवं प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। इसी क्रम में ग्राम तर्री में तारकेश्वर महादेव की धूमधाम से पूजा अर्चना कर शर्मा परिवार द्वारा आने-जाने वाले सभी आगंतुकों एवं शिवभक्तों को श्रद्धाभाव से प्रसाद वितरण किया गया। शर्मा परिवार के सदस्यों ने पूरे समर्पण और सेवा भावना के साथ व्यवस्था संभाली। आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने वाला प्रयास बताया। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्य ने श्रद्धालुओं के मन में विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। भोजन प्रसादी वितरण कार्यक्रम में सुशील शर्मा, कस्तूरी तिवारी, रमेश तिवारी, अनामिका तिवारी, उमा शर्मा, शशांक शर्मा, शुभांग शर्मा, आशा शर्मा, प्राची शर्मा, योगिता दुबे, महेश तिवारी, रुपेश तिवारी, रश्मि तिवारी, किरण तिवारी, आर्ची तिवारी, अंशिका तिवारी, छठ तिवारी, विवेक तिवारी, सोनम तिवारी शामिल थे जिन्होने बहुत ही आत्मीयता के साथ प्रसादी वितरण किया।

# ध्रुव गोंड़ समाज ने निकाली बारात, हजारों ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



हर हर महादेव के उद्घोष के साथ रविवार को बुढ़ादेव घटारानी चौक मुख्यमार्ग में महाशिवरात्रि का उल्लास पुर्वक मनाया गया। घटारानी क्षेत्र माता की उपासना में डूबी रहने वाली बुढ़ा देव हर हर महादेव में लीन नजर आई। इसके लिए बुढ़देव शिवालय को भव्यता प्रदान थी। ध्रुव गोड़ समाज सर्कल जमाही 14 गांव आसपास के बड़ी संख्या शिवभक्त पहुंचे थे। गोड़ समाज के तत्वावधान में एंव हवन पुजाचार्य उमेश ध्रुव सेंदर द्वारा पावन वायु में भक्ति, उल्लास और वैदिक मंगल ध्वनियों का ऐसा समागम हुआ कि पूरा वातावरण दिव्यता से भर उठा। भव्य शिवमंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक व हवन पूजन-अर्चन कर हजारों श्रद्धालु अपनी आस्था अर्पित किया गया। इस परिक्षेत्र में मेला स्वरूप छोटे छोटे बहूत से दुकान लगे थे। इससे पहले समाज मा भगवान शिव और माता पार्वती के वैवाहिक उत्सव के रूप में मनाया गया और बारात शौभायात्रा निकाली गई, भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया। भगवान भोलेनाथ की भव्य झांकी भी सजाई गई थी। जिसका जमाही के घर घर आरती पूजा किया। सर्कल अध्यक्ष तीज राम ध्रुव, सचिव मलेशु ध्रुव ने कहा यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सामूहिक श्रद्धा का महायज्ञ है। सांस्कृतिक मंच मंच में आदिवासी बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक, गीत की प्रस्तुति दी। अतिथि मंच में आमंत्रित अतिथियों का स्वागत आदिवासी परम्परागत श्वेत पगड़ी पहनाकर कर फुल माला, गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। बुढ़ादेव कार्यक्रम में मुख्यअतिथि पन्नालाल ध्रुव प्रांताध्यक्ष ध्रुव (गोंड़) समाज, अध्यक्षता पुरनसिंग ठाकुर (अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड़, विशेष अतिथि तीजराम ध्रुव अध्यक्ष ध्रुव (गोंड़) समाज सर्कल जमाही, प्रेमिन मिथलेश ध्रुव, विद्या गजेश्वर सिन्हा सरपंच छुईहा, मलेशु राम ध्रुव (सचिव फिगेंश्वर राज 84 ) विरेन्द्र, होरी पदुमन ईतवरी, धनश्याम, गंगाराम ध्रुव (सलाहकार फिगेंश्वर राज 84) प्रेमिन मिथलेश ध्रुव जनपद सदस्य, नीलकंठ ठाकुर अदिवासी नेता थे। कार्यक्रम में विशेष तौर पर हरिभूमि प्रेस रायपुर प्रसार प्रबंधक अनन्त राम साहू सपरिवार बुढ़ादेव मंदिर दर्शन कर सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे शंतु निरामय की भावना से प्रार्थना किया। कार्यक्रम में समाज की ओर तेजराम, गुरूमुख, रैहित शंकर, नारायणन, गौतम समारू, टुकेश्वर, जगत, जगदीश, बीरू ,बसंत प्यारेलाल भागवत पुराणिक भारत सोनसीर परमेश्वर दिवान उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### कर्मा सेना पटेवा मंडल के अध्यक्ष बने रुमेश

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक अशवंत तुषार साहू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के तत्वावधान में मंडल का गठन हुआ। पटेवा मंडल अध्यक्ष रुमेश साहू, उपाध्यक्ष शुभम साहू, सचिव कुशल साहू, अन्य सदस्य की उपस्थित रहे। अध्यक्ष रुमेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज की एकता का मुख्य संदेश संगठन में ही शक्ति है और सामाजिक समरसता है।

## शोक-संदेश



**स्व. श्री मेलाराम डांडे**
(सामाजिक कार्यकर्ता)

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति मेलाराम डांडे का स्वर्गवास 11 फरवरी को हो गया। जिनका श्राद्ध कर्म आज 16 फरवरी दिन सोमवार को निवास स्थान- बिजली ऑफिस के सामने पारागांव गोबरा नवापारा में रखा गया है। दोपहर 12:00 बजे तालाब कार्यक्रम एवं शांति भोज 4 बजे आयोजित है। अतएव दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आने की कृपा करें।

:: शोकाकुल परिवार ::
श्रीमती गणेशिया बाई माता जी
हेमंतिन (भाभी)
शेखर, नितेश, मितेश (पुत्र)
इंद्रजीत, रूपेश (भतीजा)

:: विनीत ::
श्रीमती धनेश्वरी डांडे (धर्मपत्नि)
(जनपद पंचायत सदस्य अभनपुर)
संपर्क सूत्र- 70009 38146

नोट- जिस किसी भी सज्जनों को शोक-पत्र नहीं मिला हो, कृपया इसे ही शोक संदेश समझे।

**खबर संक्षेप**



## महामंडलेश्वर शिव मंदिर में उमड़ रही है भक्तों की भीड़

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्रामीण अंचलों में आज 15 फरवरी दिन रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं का तांता लगता हुआ था जगह जगह शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं क्षेत्र के महामंडलेश्वर शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और अन्य प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालु की लंबी कतारों में 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए जल, दूध, बेलपत्र और फूल अर्पित कर रहे हैं सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है, जो रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना कर रहे हैं। क्षेत्र में उत्साह का माहौल भक्त उपवास रखकर भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद मांग रहे हैं, जिससे शिवालयों में उत्सव जैसा माहौल है।

## हरिश्चंद्र ने जीते दो कांस्य पदक




**पाण्डुका।** 13 से 15 फरवरी तक जबलपुर में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में देशभर के 21 राज्यों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छत्तीसगढ़ से 45 सदस्यीय महिला एवं पुरुष दल मास्टर एथलेटिक्स संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष नवी मोहम्मद के नेतृत्व मे भाग लिए। इस प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक मीटर दौड़, और 1500 मीटर दौड़ मे 55 प्लस आयु वर्ग मे कास्य पदक जीते, हरिश्चंद्र के इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य एमआर रात्रे एवं स्टॉफ के शिक्षको ने, एवं मित्रगणों ने शुभकामनाएं दिए।

## पूर्व मुख्यमंत्री शुक्ला की पुण्यतिथि मनाई

**अभनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर द्वारा अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सिंचाई प्रबंधन के कुशल विशेषज्ञ स्वर्गीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि तथा पुलवामा आतंकी हमला में 14 फरवरी 2019 को शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानों की स्मृति में पूर्व विधायक कार्यालय सद्भावना कुटी, अभनपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वर्गीय श्यामाचरण शुक्ल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नमन किया। साथ ही पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पीसीसी सचिव प्रवीण साहू ने कहा कि श्यामाचरण शुक्ल जी सहज एवं सरल व्यक्तित्व के धनी थे और एक कर्मठ राजनेता के रूप में उनकी पहचान रही।

### राजिम कुंभ कल्प : संकरी सड़कों और वैकल्पिक मार्गों के अभाव में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे घंटों जाम में फंसे रहे

# महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित राजिम कुंभ कल्प के समापन दिवस महाशिवरात्रि पर आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा, जिसने कई वर्षों के भीड़ के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अंतिम दिन और रविवार का संयोग होने से सुबह से ही श्रद्धालुओं की आमद चरम पर रही। जहां एक ओर संगम और नवीन मेला मैदान में भक्ति का अद्भुत वातावरण दिखाई दिया, वहीं दूसरी ओर शहर का मुख्य मार्ग भीषण जाम से जूझता नजर आया। शनिवार रात से ही त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बनी रही। गरियाबंद, रायपुर और धमतरी जिलों सहित प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। पंचेश्वर मंदिर से लेकर लोमश ऋषि आश्रम और नवीन मेला मैदान चौबे बांधा क्षेत्र तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। कई स्थानों पर भीड़ का दबाव इतना अधिक रहा कि अस्थायी मार्गों पर धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। मीना बाजार, क्राफ्ट बाजार, झूले, मौत का कुआं, जलपरी, वैष्णव देवी धाम, संभागीय सरस मेला और सांस्कृतिक मंच की दर्शक दीर्घा पूरी तरह भरी रही। परिवारों और बच्चों की चहल-पहल से मेला क्षेत्र जीवंत हो उठा। श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिले नजर आए। विदेशी पर्यटकों की उपस्थिति ने भी मेले की बढ़ती ख्याति को रेखांकित किया। अमेरिका, इटली और नाइजीरिया सहित विभिन्न देशों से आए पर्यटकों ने राजिम कुंभ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा की सराहना की।

**टूटे भीड़ के सारे रिकॉर्ड**





**सुरक्षा के व्यापक इंतजाम**

प्रशासन की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर लगभग 1500 पुलिस जवान तैनात किए गए थे, जिनमें बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थीं। पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। भीड़ प्रबंधन के लिए विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग और पुलिस बल तैनात रहा।

### लोकप्रियता का बढ़ता दायरा

महाशिवरात्रि पर उमड़ी यह ऐतिहासिक भीड़ इस बात का संकेत है कि राजिम कुंभ कल्प की पहचान अब प्रदेश की सीमाओं से आगे बढ़ चुकी है। आस्था, संस्कृति और जनसहभागिता का यह संगम एक ओर जहां आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा, वहीं बढ़ती भीड़ ने व्यवस्थागत चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। भक्ति और उत्साह के बीच यह समापन दिवस कई मायनों में यादगार रहा जहां श्रद्धालु दिव्य अनुभव लेकर लौटे, वहीं प्रशासन के सामने भविष्य के लिए बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता भी स्पष्ट रूप से सामने आई।



### जाम से जूझता रहा मुख्य मार्ग


भीड़ के इस अभूतपूर्व दबाव का असर यातायात व्यवस्था पर स्पष्ट दिखा। नेशनल हाईवे क्रमांक 130 पर पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल से लेकर पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक, चौबे बांधा मार्ग और धमतरी की ओर जाने वाले पुल तक लंबा जाम लग गया। कई स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए तो कहीं पूर्ण ठहराव की स्थिति बनी रही। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे घंटों जाम में फंसे रहे। संकरी सड़कों और वैकल्पिक मार्गों की कमी के कारण स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर बड़े आयोजन में यही समस्या सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया है। आपातकालीन सेवाओं की दृष्टि से भी यह स्थिति चिंता का विषय रही। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ट्रैफिक डायवर्जन, अतिरिक्त पुलिस बल, पार्किंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था और आपातकालीन मार्ग सुनिश्चित किए जाएं।

# करोड़ों का बजट, बदहाल गौठान, रसेला में शोपीस बनकर रह गई गौठान योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

क्षेत्र में सरकारें लगातार जनता के विकास के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करती है, लेकिन जब योजनाओं का वास्तविक परिणाम सामने आता है तो तस्वीर बेहद निराशाजनक दिखाई देती है। सवाल यह है कि आखिर जनता की मेहनत की कमाई, टैक्स का पैसा और सरकारी बजट आखिर किसके लिए खर्च होता है, और यदि योजनाएं जमीन पर सफल नहीं होती, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। ऐसा ही एका बडा मामला क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ की बहुचर्चित गौठान योजना है,जिसे पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बड़े स्तर पर लागू किया गया था। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन को व्यवस्थित रखना,गोबर खरीदी कर वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन को बढ़ावा देना और ग्रामीण रोजगार के अवसर तैयार करना बताया गया था। लेकिन आज स्थिति यह है कि





वहां पर लाखों की लागत से बनी निर्माण कार्य एवं अन्य सामान जर्जर पड़े हैं और खाली पड़े हैं या फिर अधूरे निर्माण के कारण उपयोग में नहीं आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति देखने पर यह स्पष्ट होता है कि कई स्थानों पर गौठान योजना के तहत आवश्यक सुविधाएं आज तक पूरी नहीं की जा सकी। इतना ही नहीं,कई जगहों पर गौठान के अंतर्गत बनने वाला काट्रेक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे शेड, बाउंड्री, स्टोरेज व्यवस्था, प्लेटफॉर्म, बिजली पानी जैसी सुविधाएं अधुरी रह गई । योजना का मूल उद्देश्य था कि गौठान में गोबर संग्रहित कर कम्पोस्ट तैयार की जाए, जिससे किसानों को जैविक खाद मिले और ग्रामीणों को रोजगार भी मिले। लेकिन जब आधारभूत ढांचा ही तैयार नहीं हो पाया,तो योजना सफल कैसे होती। ग्रामीण कसराम ठाकुर, नरेश सोरी, कुबेर भुजिया, पुरोहित यादव, राघवेंद्र यादव, कार्तिक यादव, राजेंद्र यादव, का कहना है कि गौठान बनने के बाद कुछ महीनों तक गतिविधि दिखी, लेकिन धीरे-धीरे गोठान में न तो रख रखाव हुआ और न ही कोई स्थायी व्यवस्था बनी। परिणामस्वरूप कई गोठान उपयोग के बिना ही उजड़ गए। क्षेत्र गांवों में गौठान अब ग्रामीण विकास का केंद्र बनने के बजाय खाली मैदान और टूटें फूटें ढांचे बन चुके हैं। कुछ जगहों पर गौठान में झाड़ियां उग आई है,कही निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी हैं,तो कहीं पूरा परिसर वीरान हो चुका है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकारी योजनाओं में करोड़ों रूपए खर्च होने के बावजूद जनता को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिलता।

# विकसित भारत जी राम जी योजना पर पोड़ में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

भारतीय जनता पार्टी मंडल गरियाबंद के तत्वावधान में विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत गरियाबंद मंडल के ग्राम पोड़ में कार्यशाला आयोजित हुआ।इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता योगेश शर्मा एवं जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी शामिल हुई। इस दौरान योगेश शर्मा ने संबोधित कर ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर गांव की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता पर विस्तार से चर्चा किया तथा जी राम जी के प्रमुख बिन्दुओं पर भी विस्तृत जानकारी दी। वहीं जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत जी राम जी के तहत मंडलो कार्यशाला आयोजित किया जा रहा है,जिनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना, रोजगार सृजन और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी



योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुचाना है तथा आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक विकसित राष्ट्र के संकल्प को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में श्रमिक हितों को ध्यान में रखते हुए रोजगार अवधि बढ़ाकर 125 दिन की गई।साथ ही मजदूरी का भुगतान सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में नियमित रूप से सुनिश्चित किया किया गया। जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनो बढ़ी है तथा योजनाओं का राष्ट्रीय विकास ढांचे से समन्वय ताकि गांवो का विकास देश के समग्र विकास से जुड़े सके और इस योजना के माध्यम से भाजपा का लक्ष्य है कि हर घर तक पहुंचना और अंतिम से अंतिम व्यक्ति से सीधा संवाद स्थापित करना है। उक्त कार्यशाला में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती बिन्दु सिन्हा,मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, मंडल उपाध्यक्ष श्री गोविंद तिवारी, प्रकाश यादव, महामंत्री किशन कण्डरा, महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष दुलारी साहू,मन की बात प्रभारी विरेन्द्र साहू, शक्ति केन्द्र संयोजक गावेन्द्र साहू, गोपाल साहू,मनी साहू, नागेन्द्र साहू,जवाहर शर्मा, गुलाब यादव, रामकुमार यादव, सुरेन्द्र कुमार साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।




## कक्षा दसवी के बच्चों को दी गई विदाई

**राजिम।** शासकीय हाई स्कूल बकली में कक्षा नवमी के विद्यार्थियों ने दसवीं के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश सेन, जनपद सदस्य मुकेश भारती, सरपंच प्रतिनिधि हीराधर साहू, ओमप्रकाश साहू, प्राचार्य मनहरण यदु, सुधीर साहू, लेखाचंद मल्होत्रा, किरण साहू, पुष्पांजलि तिवारी, सरोज सेन, डोमिन निर्मलकर, अनीता साहू मौजूद थे।

# राजिम कुम्भ कल्प मेला में श्रद्धालुओं को मिल रही सुलभ व सतत स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम कुम्भ कल्प मेला के दौरान 10 दिवसीय प्रवास पर इटली से पधारे दार्शनिक समूह सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा मेला परिसर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त करने वालों में गजेन्द्र सिंह राठौर गाइड तथा इटली से पधारे मुरैना, जुलियाना, रोजा, पैपो, फैलियो एवं पैपे शामिल थे। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सक डॉ. अनिता पैकरा एवं उनकी टीम द्वारा लाभार्थियों की बी.पी. एवं शुगर जांच की गई तथा स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक परामर्श एवं जानकारियां प्रदान की गईं। लाभार्थियों द्वारा मेला परिसर में उपलब्ध



स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदत्त सेवाओं की जमकर प्रशंसा की गई। मेला अवधि के दौरान प्रतिदिन लगभग 150 से 200 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा रहा है। साथ ही मेला स्थल में 6 बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल स्थापित किया गया है, जहां 247 स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अस्थायी अस्पताल में चिकित्सकों के साथ समस्त स्वास्थ्य स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो रहा है। उक्त समस्त कार्य जिला कलेक्टर श अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यू. एल. कौशिक के सतत निर्देशन में मेला नोडल अधिकारी सह खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. ठाकुर एवं मुकेश साहू की विशेष देखरेख में, तथा मेला प्रभारी केके देवांगन एवं लेखराम साहू के विशेष सहयोग से प्रतिदिन सुचारू रूप से संपादित किए जा रहे हैं।

### सेल्फी के लिए उमड़ा स्थानीय लोगों का उत्साह

# इटली के पर्यटकों ने संगम पर टेका मत्था, कहा- अद्भुत है भारतीय संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ के पवित्र तीर्थ नगरी राजिम में आयोजित कुंभ कल्प मेला के आस्था और भव्यता की गूंज सात समंदर पार तक सुनाई दे रही है। संगम तट पर उमड़ती श्रद्धालुओं की भीड़, संतों का सानिध्य और सांस्कृतिक विविधता विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर रही है। इटली सहित कई देशों से पहुंचे पर्यटक यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा और सरलता से अभिभूत नजर आ रहे हैं। बता दें कि 15 दिवसीय कुंभ कल्प मेले में पहले नाइजीरिया और इटली से पर्यटक पहुंच चुके हैं, इटली के तुष्कानी राज्य के सेयना नगर से तीन और पर्यटक राजिम पहुंचे। विदेशी मेहमानों ने भगवान राजीव लोचन मंदिर में दर्शन-पूजन कर संगम क्षेत्र का भ्रमण किया और मेले के हर दृश्य को अपने मोबाइल और कैमरे में कैद किया। इटली से आए लाऊडियो, मोनिका और रुसाना हेल्थ विभाग से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने बताया कि



वे एक माह के लिए भारत भ्रमण पर आए हैं, जिसमें 15 दिन छत्तीसगढ़ और 15 दिन दक्षिण भारत में बिताएंगे। उनका मुख्य उद्देश्य कुंभ मेला और महाशिवरात्रि के अवसर पर भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म को करीब से समझना है। विदेशी पर्यटकों ने निवार्णी अखाड़ा के संतों से आशीर्वाद लिया और राजीवलोचन महाराज के पंडाल में बैठकर फलाहार भी किया। उन्होंने कहा कि राजिम बहुत अच्छा लग रहा है। यहां के लोग सरल और आत्मीय हैं, मंदिरों में भक्ति का अदभुत वातावरण है। यहां किसी प्रकार का दबाव या अनिवार्य दान नहीं है, जो मन से दिया जाए उसे ही स्वीकार किया जाता है।

### छत्तीसगढ़ के अन्य पर्यटन केंद्रों का करेंगे भ्रमण

इटली के एक पर्यटक ने बताया कि उन्हें पिछले वर्ष ही पता चला था कि छत्तीसगढ़ में भी कुंभ का आयोजन होता है। तभी से यहां आने की योजना बना ली थी। भगवान राजीवलोचन के दर्शन कर मन प्रसन्न हो गया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को समझने में कई वर्ष भी कम पड़ सकते हैं, हमारी श्रद्धा भारत के प्रति है। विदेशी पर्यटकों के साथ उड़ीसा से गाइड मनोज भोई भी पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि वे दो दिन राजिम में रहेंगे, इसके बाद केशकाल घाटी, जगदलपुर, कवर्धा और शिवरीनारायण का भ्रमण कर रायपुर एयरपोर्ट से वापसी करेंगे। विदेशी मेहमानों को देखकर स्थानीय लोगों में भारी उत्साह का माहौल रहा। हर कोई उनके साथ सेल्फी लेने के लिए उत्सुक दिखे। लोग टूटी-फूटी अंग्रेजी में फोटो-फोटो कहते नजर आए और विदेशी भी मुस्कुराकर पोज देते रहे। लोगों की प्रसन्नता साफ दिख रही थी कि राजिम कुंभ की प्रसिद्ध अब सिर्फ यही तक नहीं रह गई है बल्कि सात समंदर पार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बन गई है।

